



एक नजर में



### राय ने किया 'सीहोर क्रांति' के प्रतीक चिह्न का विमोचन

**सीहोर.** विधायक सुदेश राय ने सीहोर क्रांति के नए प्रतीक चिह्न (लोगो) का विमोचन किया. यह प्रतीक चिन्ह जिले के उस गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है, जब 6 अगस्त 1857 से 14 जनवरी 1858 के बीच सीहोर के अमर क्रांतिकारियों ने 6 माह की सशस्त्र क्रांति के जरिए आजादी का बिगुल फूंका था और सीहोर को आजाद करवा लिया था. विधायक राय ने आयोजन समिति से कहा कि यह प्रतीक चिह्न नई पीढ़ी को पूर्वजों के शौर्य और बलिदान की याद दिलाएगा. कार्यक्रम में समाजसेवी ओमदीप, सुरेश गुप्ता, अनिल राय, सुरेन्द्र रल्हन, आनन्द गांधी, आशीष गुप्ता, अतुल तिवारी उपस्थित थे.



### पिछड़ा समाज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का किया स्वागत

**रेहटी/सलकनपुर.** दलित-पिछड़ा समाज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कोर कमेटी सदस्य एएसपी दामोदर सिंह यादव का सामाजिक संगठनों एवं भीम आर्मी के पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और नारों के साथ स्वागत किया. संगठन के जिला अध्यक्ष विजय वर्मा के नेतृत्व में राष्ट्रीय अध्यक्ष का अभिनंदन करते हुए पारंपरिक पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया व डॉ. भीमराव अंबेडकर के स्मृति चित्र भेंट किए गए. संगठन प्रभारी अमित बनसोड एवं दिलीप मस्के भी यात्रा में शामिल रहे. स्वागत कार्यक्रम में धर्म सिंह गोयल, बृजेश बकोरिया, राहुल धावरे, गोविंद सिंह कुशवाह, नीतीश राठौर, चंपालाल कमले आदि उपस्थित थे.



### राज्य शिक्षक संघ के वार्षिक कैलेंडर का हुआ विमोचन

**सीहोर.** राज्य शिक्षक संघके वार्षिक कैलेंडर का विमोचन विधायक सुदेश राय द्वारा किया गया . राज्य शिक्षक संघ द्वारा विभिन्न समस्याओं से विधायक को अवगत कराया. इस अवसर पर विश्वजीत त्यागी, संजय सिंह जादौन, सुरेश गुप्ता ,चंद्रशेखर वर्मा, अशोक वर्मा बीआरसी, जागेश्वर भगत, जगदीश मालवीय, आशीष शर्मा,रितेश राठौर,संजय जैन, विनोद मालवीय, बीएस मालवीय, दीपक सावनेर, वीरेंद्र व्यास ,सतीश राठौर, रघुनाथ मेवाड़ा, सुरेश मालवीय, आत्माराम बामनिया, देवेंद्र राठौर , नीरज त्यागी, अनिल नारोलिया, दिनेश सिंह झाला, सुरेंद्र यादव, भैया लाल महोबिया, रामबाबू पाटिल, घनश्याम कुशवाह, आलोक शर्मा, सुभाष यादव आदि उपस्थित रहे.



### छात्र-छात्राओं ने शासकीय महाविद्यालय का किया भ्रमण

**डोबी.** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरदार नगर के स्टाफ एवं कक्षा 12 वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा राय बहादुर बन्नू सिंह शासकीय महाविद्यालय का भ्रमण किया गया. प्राचार्य रजत चौहान ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के महत्व, कॅरियर के विभिन्न विकल्पों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में मार्गदर्शन दिया. डॉ. शेफाली दीवान ,सुरभि राजपूत, डॉ. पवन साहू , डॉ. राम प्रसाद राया एवं डॉ. राम बाबू मेहर ने महाविद्यालय के बारे में जानकारी दी. इस मौके पर प्राचार्य महेन्द्र कुमार व्यास एवं पूजा कुशवाह, संदीप जोशी, लखन राठौर ने विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए प्रेरित किया. पुरूषोत्तम व्यास ,रजत अहिरवार, देवेन्द्र सिंह रघुवंशी उपस्थित रहे.



### उपयंत्री झा की सेवानिवृत्ति पर हुआ विदाई समारोह

**सीहोर.** बग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभागके वरिष्ठ उपयंत्री शशि कुमार झा की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन वॉटर पार्क सीहोर में रखा गया. जिसमें एके पंथी, कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग सीहोर, सुश्री एकता वर्मा, एसडीओ सीहोर, सहायक यंत्री श्रीमती सुप्रिया दुफारे, शुभम रहांगडाले, महेन्द्र तिवारी, राहुल भिड़े, डीए शुभम अग्रवाल के अलावा निम्न अधिकरी उपयंत्री आशीष सक्सेना, रूपेश शर्मा, प्रमोद राठौर, के. के. श्रीवास्तव, श्रीमती मनाली पाद्ये, श्रीमती दिशा मेहतो, मयूर राठौर सहित दौलतराम अहिरवार, श्रीमती चिंतामणी बाथम, मनोज नामदेव, योगेश त्यागी, मनीष नामदेव, राकेश राठौर, प्रेमनारायण सेन, बद्रीप्रसाद पंवार आदि उपस्थित जनों द्वारा श्री झा का पुष्पहारों से सम्मान किया गया. इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री एके पंथी ने उपयंत्री एसके झा द्वारा किए गए निर्माण कार्यों व उनकी कार्यशैली की अच्छाईयों पर प्रकाश डालते हुए प्रशंसा की गई. साथ ही प्रशंसा पत्र भेट कर श्री झा को सम्मानित किया गया.

# हर बूंद में खतरा, गंदा पानी पीने की मजबूरी

## दशकों पुरानी पाइपलाइन जर्जर होने से नलों से आता गंदा पानी, लीकेज सुधारने में नाकाम जिम्मेदार



**सीहोर.** शहर में नगरपालिका द्वारा किए जाने वाले जलप्रदाय के दौरान नलों से गंदा पानी आता है जिससे बीमारियों का भय बना रहता है.

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 02 जनवरी. इंदौर में दूषित पेयजल से हुई मौतों ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है, लेकिन इसके बावजूद सीहोर शहर में हालात सुधरने के बजाय और भयावह होते जा रहे हैं. जिले के कई इलाकों में नलों से गंदा, बदबूदार और मटमैला पानी सप्लाई किया जा रहा है, जिससे लोगों में गंभीर बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है. दशकों पुरानी पाइपलाईन में लीकेज के चलते गंदगी नलों के जरिए लोगों के शरीर में दाखिल हो रही है जो गंभीर महामारी को बढ़ावा देने वाली साबित हो सकती है.**

- **जर्जर पाइपलाइन के कारण घरों में आता गंदा पानी**
- **जलप्रदाय के दौरान लीकेज से बहता पानी नलों में भराता है**

गौरतलब है कि हाल ही में दूषित पेयजल का सेवन करने से देश की सबसे साफ राजधानी इंदौर में कई मौत हो चुकी हैं तो कई अस्पतालों में भर्ती होकर मौत से जंग लड़ रहे हैं. ऐसा ही कुछ नजारा अगर शहर में भी देखने को मिल जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी, क्योंकि 1980 के दशक में बिछी पार्वती नलजल योजना की पाइपलाईन पूरी तरह से जर्जर व क्षतिग्रस्त हो गई है. जलप्रदाय के दौरान इससे रिसता पानी गदंगी के साथ नलों में आता है. ऐसे में लोगों को दूषित पानी का सेवन करने को मजबूर होना पड़ता है. दूषित पानी आने के कारण लोगों को साल भर निजी टैंकरों से पानी खरीदना पड़ता है. स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई दिनों से नलों में गंदा पानी आ रहा है, लेकिन नगर पालिका आंखें मूंदे बैठा है. सवाल यह है कि क्या सीहोर प्रशासन इंदौर जैसी घटना की पुनरावृत्ति का इंतजार कर रहा है?

### नालियों जैसा पानी, पीने को मजबूर नागरिक

शहर के अनेक वार्डों और आसपास की कॉलोनियों में सप्लाई हो रहे पानी में गंदगी साफ नजर आ रही है. कई जगह पानी से बदबू आ रही है, तो कहीं पीले रंग का पानी आ रहा है. मजबूरी में लोग इसी पानी को पीने और खाना बनाने में उपयोग कर रहे हैं. इतना ही नहीं कहीं- कहीं तो नलों से पक्षियों के पंख भी पानी के साथ निकल रहे हैं.




### शहरवासियों को मिले पर्याप्त एवं स्वच्छ जल : नपाध्यक्ष

**सीहोर.** शुक्रवार को नगर पालिका परिषद में बैठक आयोजित हुई. बैठक में नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर ने दिशा निर्देश देते हुए कहा कि नगर में हर जगह पानी की पाईप लाईन चेक की जावे कि पाईप लाईन कहीं लीक तो नही है और यदि कहीं भी गंदा पानी आ रहा है, वहां पहुंचकर अधिकारी अवलोकन करे और जहाँ पर भी गंदा पानी आ रहा है या पानी व्यर्थ बह रहा है, उसका त्वरित निराकरण किया जाए .उन्होंने नागरिकों से भी आग्रह किया है कि यदि कहीं भी पानी पाईप लाईन लीक नजर आए या कहीं भी गंदा पानी आ रहा हो, तत्काल वार्ड पार्षद को सुचित किया जाए ताकि पाईप लाईन को दुरूस्त किया जा सके ताकि सभी को साफ-सुथरा पानी मिले. इस हेतु एक टीम भी गठित की गई। टीम का प्रभारी विजय कोहली एवं सह प्रभारी वैभव लोवानिया एवं राजेन्द्र गुप्ता को बनाया गया है. बैठक में उपस्थित सुदीप व्यास, मांगीलाल मालवीय, प्रदीप गौतम, कमलेश राठौर, आशीष गेहलोत, लोकेंद्र वर्मा, कमलेश कुशवाह, घनश्याम यादव आदि ने उचित परामर्श दिया.

### बच्चे, बुजुर्ग और मरीज सबसे अधिक खतरे में

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि दूषित पानी से डायरिया, उल्टी-दस्त, टाइफाइड, पीलिया जैसी बीमारियां तेजी से फैल सकती हैं. सबसे ज्यादा खतरा बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों को है. इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग ने न तो कोई चेतावनी जारी की है और न ही पानी की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की गई है .इंदौर की घटना से सबक लेने के बजाय यदि सीहोर में भी इसी तरह गंदा पानी सप्लाई होता रहा, तो किसी बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता.

### सीहोर टैक्स लॉ बार की कार्यकारिणी गठित



**सीहोर.** सीहोर टैक्स लॉ बार के नव नियुक्त अध्यक्ष अभिषेक सुराणा ने संस्था की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई. संस्था के संरक्षक के रूप में वरिष्ठ कर सलाहकार निर्मल रांका एवं वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए सुशील मंत्री को मनोनीत किया गया है. घोषित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर सीए महेंद्र ठाकुर, सचिव पद पर सीए सुमित झंवर, कोषाध्यक्ष के रूप में अंकुश जैन तथा संयुक्त सचिव के पद पर मयंक तिवारी को मनोनीत किया गया है. इसके अतिरिक्त अजय सक्सेना, श्याम सुंदर मंत्री, सीए अजाप पंवार, अरविंद जैन एवं आयुष जैन को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है. कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को शैलेंद्र श्रीवास्तव, प्रवीण मोहता, महेश वर्मा, सीए शरद राजोरिया, शैलेंद्र जैन, योगेश मेहता , दिलीप जैन, सुमित जैन, चंद्रप्रकाश बर्मन, अंकित जैन , सीए विवेक प्रजापति, सीए श्रेयांस बनवट, सीए संकल्प अग्रवाल, पीयूष चौरसिया ने बधाई दी है. इस अवसर पर सभी सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि नवगठित कार्यकारिणी एकजुट होकर कार्य करते हुए टैक्स लॉ बार, सीहोर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी.

### शिविर में किया 738 बच्चों का टीकाकरण

**सीहोर.** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर में गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है. स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है. इसी क्रम में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में 02 जनवरी को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 512 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 226 बच्चों का टीकाकरण किया गया.

# फार्मर आईडी बनवाने के लिए किसानों को करें प्रेरित : कलेक्टर

- **कलेक्टर ने दिए निर्देश, एक भी किसान आईडी से न छूटे**
- **ग्रामों में लंबित न रहें फौती नामांतरण के प्रकरण**

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर,02 जनवरी.** कलेक्टर बालागुरू के. ने जनपद के अनेक ग्रामों में पहुंचकर विकास एवं निर्माण कार्यों, फॉर्मर रजिस्ट्री, वन व्यवस्थापन सहित विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण किया.

कलेक्टर सर्वप्रथम ग्राम सेवनिया पहुंचे, जहां उन्होंने पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्र एवं विद्यालय की बाउंड्री वॉल का निरीक्षण किया. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी एवं विद्यालय परिसरों में स्वच्छता तथा मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए और किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर उसे तत्काल दूर किया जाए, ताकि बच्चों को बेहतर वातावरण मिल सके।

कलेक्टर ने ग्राम महागांव करिमा में फार्मर रजिस्ट्री के लिए लगाए गए कैंप का निरीक्षण किया और किसानों से संवाद किया. उन्होंने पटवारी को निर्देशित किया कि आगामी दिनों में खाद का वितरण ई-टोकन प्रक्रिया से किया जाएगा, जिसके लिए फार्मर आईडी आवश्यक है, इसलिए सहकारी समितियों में पंजीकृत सभी किसानों की फार्मर आईडी शत-प्रतिशत तैयार की जाए. उन्होंने कहा कि कोई भी किसान इससे वंचित न रहे, इसके लिए गांव-गांव जाकर किसानों को फार्मर आईडी बनवाने के लिए प्रेरित किया जाए इसके पश्चात कलेक्टर ग्राम वासुदेव पहुंचे, जहां उन्होंने एसआईआर कार्य की समीक्षा की. उन्होंने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर बीएलओ से अब तक किए गए कार्यों की जानकारी ली और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि नो-मैपिंग वाले मतदाताओं को नोटिस समय पर तामील किए जाएं, ताकि मतदाता सूची शुद्ध और अद्यतन रह सके.

कलेक्टर बालागुरू के. ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी ग्राम में फौती नामांतरण का कोई भी प्रकरण लंबित न रखा जाए. उन्होंने कहा कि यदि किसी किसान की मृत्यु हो जाती है तो पंचायत द्वारा शीघ्र मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया जाए और उसके पश्चात वैध वारिसों के नाम राजस्व अभिलेखों में तत्काल दर्ज किए जाएं. इसी क्रम में कलेक्टर ग्राम नवलगांव पहुंचे, जहां उन्होंने ग्राम पंचायत द्वारा कराए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया तथा वन व्यवस्थापन से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण विकास को संतुलित रूप से आगे बढ़ाया जाए और पौधारोपण एवं संरक्षण कार्यों में स्थानीय नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्राम गोपालपुर मेंआयुष विभाग के लिए आवंटित भूमि का निरीक्षण किया तथा राष्ट्रीय राजमार्ग का भी निरीक्षण किया.



# अत्याचार पीड़ितों को दिलाया जाए त्वरित न्याय

- **जिला सतर्कता मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित**
- **2 करोड़ 89 लाख 53 हजार रुपये राहत राशि स्वीकृत**

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 02 जनवरी.** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गई.




बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से कहा कि अत्याचार से पीड़ित व्यक्तियों के मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और प्रत्येक प्रकरण में पूरी संवेदनशीलता, तत्परता एवं मानवीय दृष्टिकोण के साथ कार्यवाही सुनिश्चित की जाए. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीड़ितों को समयबद्ध राहत, सहायता और न्याय उपलब्ध कराना शासन-प्रशासन का दायित्व है। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने कहा कि जिन प्रकरणों में बैंक खाते नही होने के कारण राहत राशि का वितरण नहीं हो पाया है, ऐसे व्यक्तियों से संपर्क कर उनके बैंक खाते खुलवाए जाएं, ताकि उन तक आर्थिक सहायता शीघ्र पहुंचाई जा सके.

बैठक में जानकारी दी गई कि अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत विभिन्न धाराओं में दर्ज प्रकरणों में अनूसूचित जाति एवं जनजाति के हितग्राहियों को राशि स्वीकृत की गयी है. 01 अप्रैल 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक अनुसूचित जाति के 226 प्रकरणों में 02 करोड़ 40 लाख 60 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है और 83 प्रकरणों में 01 करोड़ 02 लाख 06 हजार रुपए की राशि का भुगतान किया गया है.

## गैस लीकेज से भड़की आग, युवक झुलसा

**नवभारत न्यूज**

**बुधनी 02 जनवरी.** शुक्रवार सुबह एक घर में गैस लीकेज के कारण आग लग गई. यह घटना ओवरब्रिज के पास एक मकान में हुई, जहां एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया. घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. सूचना मिलने पर पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी गई है.

घटना बुधनी के ओवरब्रिज के पास स्थित एक मकान की है. बताया गया कि मकान में राजू नामक युवक अकेला रहता है. शुक्रवार सुबह अचानक उसके घर से तेज धमाके की आवाज सुनाई दी, जिससे आसपास के लोग घबरा गए. धमाके की आवाज सुनते ही पड़ोसियों ने तुरंत पुलिस और प्रशासन को सूचना दी। कुछ ही देर में पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंच गया और स्थिति का जायजा लिया. एसडीओपी रवि शर्मा ने बताया कि राजू ने पुलिस को जानकारी दी है कि उसने हाल ही में नया गैस सिलेंडर चूल्हे से जोड़ा था. सिलेंडर से अत्यधिक गैस का रिसाव हो रहा था, जिससे उसका छोटा कमरा गैस से भर गया.जब राजू ने लाइटर से गैस जलाने की कोशिश की, तो अचानक पूरे कमरे में आग फैल गई. आग की चपेट में आने से वह बुरी तरह झुलस गया. स्थानीय लोगों की मदद से झुलसे युवक को तुरंत उपचार के लिए क्षेत्र के अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

**धार्मिक** | **सेमरा दांगी में हुए महा आयोजन के दौरान भारत को विश्वगुरु बनाने का लिया महासंकल्प**

# संतों के सानिध्य में हुए 1 लाख 25 हजार श्रीहनुमान चालीसा पाठ

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 02 जनवरी.** मथुरागढ़ सेमरा दांगी की भूमि पर विश्व विख्यात परम पूजनीय जगतगुरु महामंडलेश्वर, पीठाधीश्वर, संत महंत महात्माओं विशिष्ट गुरुजनों कथा वाचकों के सानिध्य में हजारों युवा रामभक्त पुरुषों महिलाओं युवक युवतियों और बच्चों ने 1 लाख 25 हजार हनुमान चालीसा का पाठ कर नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया.

जगतगुरू महामंडलेश्वर संत महंत महात्माओं का मंच पर विश्व गुरु भारत महा अभियान के संस्थापक अनिल ठाकुर के नेतृत्व में परिजनों और आयोजन समिति के वरिष्ठ सदस्यों ने श्रद्धालुओं की ओर से शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत व सम्मान किया.

पंडित प्रदीप मिश्रा, महंत स्वामी अनिलनंद महाराज, जगतगुरु आचार्य विजय देवाचार्य भैया महाराज,जगतगुरु आचार्य रामगोपालाचार्य महाराज, परम पूज्य पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर धर्म देव महाराज,चतुर्भुज राम मंदिर पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर नरसिंह दास महाराज,विदर्भ पीठ जगतगुरु रामानंदाचायजू राम राजेश्वराचार्य,पूज्य जगतगुरू महामंडलेश्वर अजय पुरोहित, महामंडलेश्वर राधे राधे बाबा और पूज्य महामंडलेश्वर पुरुषोत्तम दास महाराज सहित अन्य संत महंत महात्माओं ने संबोधित करते हुए सनातन धर्म की एकता अखंडता, धर्म निष्ठा कतज़्य परायणता, हिन्दू सामाजिक सौहार्द और देश की वर्तमान स्थिति विधर्मियों का आतंक सहित अन्य विषयों को लेकर सचेत सतकज़् करते हुए देश को विश्व गुरु आर्थिक शक्ति बनने पर बल दिया.

तत्पश्चात विश्व गुरु भारत महा अभियान के संस्थापक अनिल ठाकुर ने कार्यक्रम में पधारे सभी साधु-संतों महात्माओं श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि विशाल आयोजन आध्यात्मिक और सामाजिक स्वरूप को और भी अधिक सशक्त करेगा. उन्होंने कहा कि महाअभियान के अंतगर्त 1 करोड़ 25 लाख विश्वस्तरीय श्रीहनुमान चालीसा महापाठ का संकल्प लिया गया है. इसी क्रम में आगामी कार्यक्रम शाजापुर जिले के कालापीपल तहसील में होगा इसके बाद तीसरा चरण श्री राम लाल की पवित्र पावन धरती अयोध्या नगरी में संपन्न होगा. अयोध्या के सरयू तट पर हनुमान चालीसा के साथ दीपदान यज्ञ होगा. उन्होंने युवाओं को धर्म ध्वज के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया. आयोजक अरविंद ठाकुर एवं दांगी युवक संघ प्रदेश अध्यक्ष जेडी ठाकुर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धालुओं को रामचरितमानस हनुमान चालीसा पुस्तक का वितरण किया गया.




### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी सुनील कुमार राठौर पिता श्री महेन्द्र सिंह राठौर निवासी राठौर मोहल्ला गंज सीहोर तहसील व जिला सीहोर के स्वत्व व आधिपत्य की भूमि खसरा क्र. 271/4/1/1 का भाग 100×100= 10000 वर्गफिट भूमि ग्राम जमोनिया तालाब तहसील व जिला सीहोर म.प्र. स्थित जिसकी दिशा पूर्व में विक्रेतागण की भूमि पश्चिम में जमोनिया रोड उत्तर में शैलेन्द्र सुमन की भूमि दक्षिण में विक्रेता गण की भूमि को क्रय करने का अनुबंध कर अग्रिम बयाना राशि अदा की है. यदि उपरोक्त भूमि पर किसी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था, शासकीय, अशासकीय कार्यालय का कोई हक, हित, अधिकार, हिस्सा हो या विक्रय संबंधी समव्यवहार क्रय करने का बंधक रहन आदि रखने का हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर आपत्ति लिखित दस्तावेज के मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे निर्धारित अवधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त भूमि का विक्रय पत्र का पंजीयन निष्पादित करा लिया जायेगा फिर किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी और ना ही मेरे पक्षकार पर बंधनकारी रहेगी।

भवदीय
सुरेन्द्र सिंह राजपूत एडवोकेट
मो. 9039802674